हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

12 किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक



12 शमशान भूमि में बनाई गई हर हर महादेव की कृति



## खबर संक्षेप

### बस की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मौत

**पानीपत।** चार वर्षीय उदित पुत्र कृष्ण कुमार निवासी सौंदापुर, पानीपत अपनी दादी शकुंतला देवी के साथ खरीदारी के लिए बाजार आया था। शकुंतला के साथ उदित जब संजय चौक पर जीटी रोड पर कर रहा था तभी हरियाणा रोडवेज की पानीपत डिपो की बस की चपेट में आने से उदित की मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने उदित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया और रोडवेज बस चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो बच्चों के साथ महिला लापता, मामला दर्ज

**पानीपत।** गांव इसराना के शिव नगर में निवास कर रही महिला अपने दो बच्चों के साथ लापता हो गई है। महिला के पति ने अपनी पत्नी और बच्चों की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन तीनों का कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने महिला व उसके दो बच्चों की गुमशुदगी का केस दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू कर दी है। महिला मूल रूप से गांव कतलूपुर जिला फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश की निवासी है।

### कीटनाशक निगलकर बुजुर्ग ने सुसाइड किया

**अंबाला।** अंबाला कैंट के नन्हेड़ा में बुजुर्ग ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नन्हेड़ा महेंद्र सिंह के रूप में हुई। दवा का सेवन करने के बाद बुजुर्ग को उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल लाया गया था। यहां से डॉक्टर ने चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। रास्ते में ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। फिलहाल बुजुर्ग के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डा. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र व छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी तक पोर्टल जमा कर सकते हैं।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को जीवन में अपनाएं : सैनी

*श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथ के रूप में शामिल हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन श्रीमद् भागवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयमें किया गया। विधानसभा क्षेत्र के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, संकल्प अभियान के जिला संयोजक विवेक गुप्ता, तथा सहसंयोजक अनिल सैनी व मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने हिस्सा लिया।

■ विदेशी ब्रांड्स से दूरी बनाए रखने की अपील

इन नेताओं ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में प्रत्येक नागरिक का योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घरों, दुकानों और जीवनशैली में स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग बढ़ाएंगे तो देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। डॉ. पवन सैनी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब भारतीयों ने विदेशी वस्तुओं का अधिक उपयोग करना शुरू किया था तब धीरे-धीरे अंग्रेज़ी हुकूमत और इस्ट इंडिया कंपनी ने हमारे देश की आर्थिक जड़ों को कमजोर किया था। उन्होंने कहा कि हमें उस भूल को दोहराना नहीं है । अब समय है कि हम इस्ट इंडिया कंपनी जैसी विदेशी कंपनियों पर निर्भरता छोड़कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। यही सच्चे अर्थों में देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। उन्होंने अपील की कि लोग भारतीय कंपनियों द्वारा निर्मित वस्तुएं जैसे दंत मंजन, साबुन, क्रीम, सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र, औषधियां व घरेलू सामान आदि का प्रयोग करें और विदेशी ब्रांड्स से दूरी बनाए रखें। संकल्प अभियान के जिला संयोजक विवेक गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक नीति नहीं बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्थानीय उत्पादों का प्रचार-प्रसार करें और "वोकल फॉर लोकल" का मंत्र जीवन में अपनाएं। सह संयोजक अनिल सैनी ने कहा कि स्वदेशी अपनाना राष्ट्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। हर नागरिक को देश की प्रगति में सहयोग देना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम अपने देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता दें।



शहजादपुर। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य।

#### आमदनी बढ़ेगी

मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने कहा कि विदेशी वस्तुओं की चमक अस्थाई होती है लेकिन स्वदेशी उत्पादों में देश का पसीना, मेहनत और आत्मा बसती है। उन्होंने कहा कि जब गांव-गांव में बने उत्पादों को हम अपनाएंगे, तब न केवल स्थानीय उद्योग फले-फूलेंगे बल्कि किसानों और कारीगरों की आमदनी भी बढ़ेगी।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल प्रधान विक्रम राणा, हरजिंदर पाल, धर्मवीर गुर्जर, भाजपा नेता राकेश बिंदल, केहर सिंह सैनी, अरुण शर्मा, श्री राम गुप्ता, मंगूराम कंजाला, राजू मक्कड़, मदन चानना, हैप्पी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## रोडवेज वर्कर्स यूनियन आज से सभी डिपो का करेगी दौरा

■ दिवाली से पहले रोडवेज कर्मियों को दिया जाए बोनस : मायाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते यूनियन के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता रंजीत करोड़ा।

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता रंजीत करोड़ा ने बताया कि यूनियन के राज्य प्रधान माया राम उनियाल राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा व राज्य कमेटी 13 अक्टूबर से सभी डिपुओ का तूफानी दौरा करेगी व रोडवेज के कर्मचारियों की समस्याओं बारे महाप्रबंधकों से मिलेगी। मायाराम उनियाल व बलदेव सिंह मामू माजरा ने कहा कि रोडवेज का जो निजीकरण किया जा रहा है 63 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से सरकार एसी बसें जेबीएम कंपनी को चलाने का ठेका दे रही है जिसमें परिचालक भी सरकार का है और चालक कंपनी का है। जो सिर्फ न सिर्फ घाटे का सौदा है क्योंकि सरकार पहले ही 10-11 डिपो में यह बस चला रही है जो पानीपत को छोड़कर सभी जगह फैल हो चुकी है।

एक तो सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है दूसरी तरफ आए दिन प्राइवेट बसों वाले फ्री यात्रा को लेकर हमारी बेटियों से बदतमीजी करते हैं उनकी जबरदस्ती टिकट काटते हैं या बीच रास्ते में उतार देते हैं। प्रदेश में हजारों की संख्या में बेटियों ने शिकायतें दर्ज कराई है। बुजुर्गों का भी आधा किराया नहीं मान रहे। उन्होंने भी शिकायतें दर्ज कराई है लेकिन आज तक न तो परिवहन मंत्री ने न हीं सरकार के किसी मंत्री ने या मुख्यमंत्री ने इन प्राइवेट बस वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है और ना ही सरकार की तरफ से कोई बयान आया है जबकि यह लोग हिसार कोर्ट में भी केस हार चुके हैं। परिवहन विभाग अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे। कर्मचारियों का खूब शोषण किया जा रहा है। चालक परिचालकों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि जब से बीजेपी की सरकार हरियाणा में सत्ता में आई है तब से सिर्फ एक बार रोडवेज के कर्मचारियों को बोनस मिला है जबकि जब से विभाग बना है तब से हर दिवाली पर रोडवेज के कर्मचारियों को बोनस के रूप में 5000 रुपये मिलते थे यह बोनस इसलिए दिया जाता था क्योंकि लोग त्योहार मनाते हैं और रोडवेज के कर्मचारी लोगों को आने-जाने की सुविधा देते हैं। यूनियन सरकार से मांग करती है कि दिवाली से पहले रोडवेज के कर्मचारियों का जो हक है उनका बोनस दिया जाए।

## पुलिस गेम्स में पानीपत की नीतू ने गोल्ड जीता

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था की बेटी नीतू जागलान ने श्रीनगर में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम कराटे चैंपियनशिप में दस अक्टूबर को स्वर्ण पदक जीता है। आईटीबीपी पंचकूला में कांस्टेबल के पद पर तैनात नीतू इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। वहीं, चालू वर्ष के जुलाई माह में अमेरिका में हुए 21वें पुलिस एंड फायर वर्ल्ड कप में भी नीतू ने सिंगल और डबल कराटे प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। इससे पहले 2019 में नीतू ने चीन में स्वर्ण और नीदरलैंड में रजत पदक जीता था। इधर, नीतू के पिता समरजीत जागलान ने बताया कि बेटी को बचपन से ही कराटे का शौक था। परिवार ने उसकी रुचि को देखते हुए पूरा सहयोग किया। नीतू पांच साल पहले आईटीबीपी में कांस्टेबल भर्ती हुई थीं। आईटीबीपी में उनके कोच आर. मारी मुतू के मार्गदर्शन इस मुकाम तक पहुंची है



गोल्ड मेडल विजेता नीतू।

## दिवाली मेले के दूसरे दिन जादू शो व डांडिया उत्सव का आयोजन

**लाडवा।** लाडवा शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित 16वें किया गया। प्रोजेक्ट को चेयरमैन शुभम गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवाली मेले के दूसरे दिन का शुभारम्भ सेंसन्स पेपर के चेयरमैन समाजसेवी प्रदीप सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में व इनरव्हील प्रधान समाजसेविका मोनिका बंसल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में दीप प्रजवलित कर किया।

■ क्षेत्रवासियों के लिए ऐसे आयोजनों का होना सौभाग्य की बात : प्रदीप

मुख्यातिथि प्रदीप सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिभा का विकास करने के साथ साथ अद्भुत चीजें क्षेत्रवासियों को दिखाने का अवसर प्रदान मरते हैं जो वास्तव में क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। विशिष्ट अतिथि मोनिका बंसल ने त्योहारों की शुभकामनायें देते हुए कहा कि क्लब सदस्य हर वर्ष अपनी कड़ी मेहनत से इतने बड़े आयोजन को कारगर बनाते हैं जिसके लिए हर सदस्य बधाई का पात्र है। मंच पर जादूगर गौरव सम्राट ने अपनी जादू की कला से सबको मोहित किया।

## आरपीएफ कर्मचारियों की छुट्टियां हुई रद्द

**अंबाला।** त्यौहारी सीजन को देखते हुए रेलवे ने आरपीएफ कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द करने के आदेश जारी किए हैं। अगर किसी कर्मचारी को एमरजेंसी होगी तो वो आरपीएफ के उच्चाधिकारियों से इजाजत लेकर ही छुट्टी ले सकेगा। इस संबंध में आरपीएफ के प्रधान सुरक्षा आयुक्त की तरफ से सभी मंडलों को निर्देशित किया गया है कि 12 से 27 अक्तूबर तक रेलवे के संपूर्ण क्षेत्राधिकार में प्रत्येक ड्यूटी शिफ्ट 12 घंटे की होगी। इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का अवकाश/रेस्ट इत्यादि देय नहीं होगा, वहीं किसी भी आपातकालीन स्थिति में मंडल सुरक्षा आयुक्त किसी बल कर्मी को अवकाश/रेस्ट की अनुमति प्रदान कर सकेंगे। रेलवे के निर्देश के पालन में आरपीएफ जल्द ही रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी करेगी। मौजूदा समय में 70 के करीब कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर तैनात हैं जोकि अलग-अलग शिफ्टों में स्टेशन पर ड्यूटी दे रहे हैं लेकिन त्यौहार के दिनों में 50 के करीब अतिरिक्त कर्मचारी स्टेशन पर तैनात हो जाएंगे। ऐसे में यात्री सुरक्षा सहित सुविधा को पुख्ता किया जा सकेगा।

■ त्योहारी सीजन के चलते रेलवे ने लिया निर्णय

■ 50 अतिरिक्त कर्मचारी स्टेशन पर तैनात होंगे

## तीन दिवसीय प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जींद।** तीन दिवसीय प्रदेशस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ हुआ। मुख्यअतिथि के तौर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल में एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। खिलाड़ियों को हार से कभी मायूस नही होना चाहिए। अपने खेल में लगातार सुधार करते आगे बढ़ना चाहिए। हरियाणा के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान हैं। खेलों में आज लड़कियां भी आगे आ रही हैं, जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत हैं। अभिभावक भी लड़कियों को खेलों में अवसर दे रहे हैं और लड़कियां भी शिक्षा के साथ-साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। सानिया नेहवाल, शेफाली वर्मा, गीता फोगाट लड़कियों के लिए आज प्रेरणा बनी हैं। इन खिलाड़ियों ने साबित किया है कि लड़कियां खेल के मैदान में भी लड़कों की तरह मजबूत हैं।

■ कखिलाड़ियों को हार से मायूस नही होना चाहिए : प्रदीप दहिया

## नौकरी लगवाने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे आठ लाख रुपये

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव सरावां निवासी सुरजीत सिंह से उसके बेटे को नौकरी लगवाने के नाम पर आठ लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव सरावां निवासी जोगिंदर पाल पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सरावां निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में था। इस दौरान उसे बिलासपुर के गांव सरावां निवासी जोगिंदर पाल के साथ मुलाकात हुई। जोगिंदर पाल ने उसे कहा कि उसकी बड़े उच्च अधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसके लड़के को सरकारी नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए आरोपी ने उसे 24 नवंबर 2024 को आठ लाख रुपए और उसके बेटे की दस्तावेज ले लिए। मगर इसके बाद आरोपी ने उसके बेटे को नौकरी नहीं दिलवाई। जब उसने इस बार आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

## हेरोइन-गांजा पत्ती के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो लोगों को काबू कर व्यक्ति के कब्जे से 6.75 ग्राम हेरोइन तथा 764 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़ी गई महिला तथा व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव पाजू कलां बस अड्डे पर एक युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान असंध निवासी सचिन के रूप में हुई।

## एसआई को जारी किया नया समन

**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर युवक के साथ मारपीट, अपहरण और लूट के मामले में गवाहों की अनुपस्थिति के चलते कोर्ट ने सुनवाई को टाल दी है। अदालत ने इस मामले में गवाहों के गैर-जमानती वारंट जारी करने का अंतरिम आदेश दिया है। 29 सितंबर को गवाहों की पेशी के लिए दिन तय किया गया था। इस दौरान एक गवाह एसआई धर्मबीर सिंह उपस्थित नहीं रहे। इसी प्रकार गवाह राज कुमार के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट किसी भी रूप में वापस प्राप्त नहीं हुए थे। एएसआई प्रदीप और डॉ. मोनिका बाली को जारी समन वापस प्राप्त हो गए थे, लेकिन वे भी उपस्थित नहीं हुईं। ऐसे में अदालत ने एएसआई प्रदीप और डॉ. मोनिका बाली की उपस्थिति गैर-जमानती वारंट के माध्यम से 31 अक्तूबर के लिए सुरक्षित करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, इएसआई राज कुमार के खिलाफ नए गैर-जमानती वारंट और एसआई धर्मबीर सिंह को नए समन आगामी तारीख के लिए जारी करने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने अन्य गवाहों को भी अगली तारीख के लिए समन करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि अगली सुनवाई की तारीख तक सभी नामित अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में रखा जाएगा।

■ युवक से लूट मामले में गवाहों के गैर जमानती वारंट जारी

### पांच दिवसीय श्रीकपालमोचन मेले का आयोजन एक से 5 नवंबर तक होगा

# प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीकपालमोचन समेटे हुए है प्राचीन इतिहास

■ सरस्वती का उद्गम स्थल है कपालमोचन तीर्थ स्थल

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर। श्रीकपालमोचन में गुरुद्वारा साहिब के नजदीक बना पवित्र कपालमोचन सरोवर। *फोटो : हरिभूमि*

उत्तर भारत का प्रसिद्ध एवं धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कपालमोचन सभी पापों से मुक्ति दिलाने वाला है। बताया जाता है कि कपालमोचन तीर्थ स्थल पर बने तीन पवित्र सरोवरों ऋणमोचन सरोवर, कपालमोचन सरोवर व सूरजकुंड सरोवर में स्नान करने से जहां पापो से मुक्ति मिलती है, वहीं मनुष्य जन्म-जन्म के चक्कर से छूटकर मोक्ष को प्राप्त होता है।

यही वजह है कि तीर्थ स्थल पर हर वर्ष कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर देश भर से लाखों श्रृद्धालु पहुंचकर पवित्र सरोवरों में स्नान करके मोक्ष की कामना करते हैं। इस बार कपाल मोचन मेले का आयोजन एक से 5 नवंबर तक किया जाएगा। इस मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। श्री कपाल मोचन तीर्थ स्वयं में प्राचीन इतिहास समेटे हुए है। पुराणों के अनुसार कपाल मोचन तीर्थ तीनों लोकों के पाप से मुक्ति दिलाने वाला स्थल है। इसके पवित्र सरोवरों में स्नान करने से ब्रहम हत्या जैसे महापाप का निवारण होता है। आदि काल में कार्तिक पूर्णिमा की अर्धरात्रि के समय ही भगवान शिव की ब्रहम कपाली इसी कपाल मोचन सरोवर में स्नान करने से दूर हुई थी। बताया जाता है कि सिंधु वन में स्थित यह स्थान ऋषि मुनियों की यज्ञस्थली रहा है। प्राचीनकाल से ही इस भू-भाग पर पांच तीर्थ कपालेश्वर महादेव(कलेसर) तथा चंडेश्वर महादेव (काला अम्ब) स्थित है, इनके मध्य 360 यज्ञ कुंड हैं। इनमें कपालेश्वर तीर्थ प्रमुख एवं केंद्र बिन्दु हैं। राजा परीक्षित के शासन काल में कलयुग के आगमन पर ऋषि मुनियों ने एक महायज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ में आहुति डालने के लिए ब्रह्मा, विष्णु एवं भगवान शिव को बुलाया गया । यज्ञ में प्रथम आहुति डालने के लिए प्रजापति ब्रह्मा, विष्णु और भगवान शिव में सबसे बड़ा होने का दावा जताया गया। तब कलयुग ने आपत्ति करते हुए कहा कि मेरा आगमन हो चुका है।

#### ब्रह्म कपाली का होता है दोष दूर

*भगवान शिव ने ब्रह्म कपाली का दोष दूर करने के लिए माता पार्वती के साथ चार धाम तथा 84 तीर्थों का भ्रमण किया, परन्तु फिर भी यह दोष दूर नहीं हुआ। अन्ततः शिव पार्वती भ्रमण करते-करते कपाल मोचन के पास प्राचीन भ्रदपुरी (वर्तमान में भवानीपुर) में राशि के समय एक ब्राह्मण की गऊशाला में आ गए । रात्रि में भगवान शिव तो समाधिलीन हो गए, परन्तु पार्वती माता को चिन्ता के कारण नींद नहीं आई और उन्होंने मध्य रात्रि को एक गाय बछड़े के बीच हुई वार्तालाप को सुना। बछड़े ने गाय को ब्रह्म कपाली दोष दूर करने का उपाय बताया। शिव ने गाय के बछड़े से पूछा कि तुम्हें इस तीर्थ का कैसे पता लगा। तब बछडे ने भगवान शिव को अपने पूर्व जन्म में मनुष्य होने तथा इसी स्थान पर तप कर रहे दुर्वाशा ऋषि का मजाक उड़ाने पर दिए गए श्राप से पशु बनने तथा अन्ततः शिव-पार्वती जी के इस स्थान पर आगमन पर एवं उनके दर्शन से श्रापमुक्त होने की कथा विस्तार से सुनाई। मान्यता है कि शिव भगवान के दर्शन के पश्चात गऊ बछड़ा दोनों मुक्ति पाकर बैकुंठ धाम चले गए।*

## नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

आरोपी पर अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला ने एक युवक पर लगाया नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाने,ब्लैकमेल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी का ही मनीष नाम का युवक उसे परेशान कर रहा था। एक दिन मनीष उनके घर पर आया। घर पर वह अकेली थी। इस दौरान आरोपी ने किसी चीज में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे दे दिया। जिसके बाद वह बेसुध हो गई। आरोप है कि नशे की हालत में मनीष ने उससे दुष्कर्म किया। साथ ही मोबाइल से उसके फोटो-वीडियो ले लिए। इस बात का पता तब चला, जब वह होश में आई।

#### युवक के खिलाफ केस दर्ज

मनीष उसके फोटो-वीडियो का हवाला देकर ब्लैकमेल करने लगा और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। मनीष ने यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मनीष से तंग आकर यह बात परिवार को बताई। उसने परिजनों की मदद से मामले में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मनीष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

खबर संक्षेप

## रादौर के नवीन गुप्ता कनाडा को सह सहयोगी प्रवक्ता किया नियुक्त

रादौर। अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन संस्था द्वारा रादौर के नवीन गुप्ता कनाडा को संस्था का अंतरराष्ट्रीय सह सहयोगी प्रवक्ता नियुक्त किया है।



नवीन गुप्ता कनाडा को सह सहयोगी प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर समाज के लोगों ने आभार जताया है। नवनियुक्त अंतरराष्ट्रीय सह सहयोगी प्रवक्ता नवीन गुप्ता ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाएंगे। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संस्था अग्रवाल समाज का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र संगठन है।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

यमुनानगर। घरेलू कलह के चलते गांव ललहाड़ी कलां निवासी सुशील ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह उसका शव गांव खानुवाला जंगल में सोम नदी के किनारे पेड़ से लटका मिला। शव के पास ही उसकी बाइक बरामद हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव ललहाड़ी कलां निवासी 45 वर्षीय सुशील कुमार मजदूरी का काम करता था। रविवार को सुशील की परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद सुशील अपनी बाइक उठाकर घर से चला गया। इस दौरान सुशील ने गांव खानुवाला जंगल में सोम नदी के किनारे पेड़ से लटककर फांसी लगा ली।

## त्योहारों पर आकर्षक रूप से सजने लगीं दुकानें



यमुनानगर। त्योहारों का आगमन शुरू होते ही ट्विन सिटी के बाजार सजने लगे हैं। दुकानदारों ने जहां दुकानों को आकर्षक रूप से सजाना शुरू कर दिया है। वहीं, दुकानों के समक्ष रेहड़ियों पर भी विभिन्न प्रकार का सामान सजा दिया गया है। खास बात यह है कि त्योहारी सीजन में पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की भी आवाजाही बढ़ गई है, जिससे दुकानदार खुश दिखाई दे रहे हैं। शहर के दुकानदार विशाल कुमार, रोहित, संजय व अमित आदि ने बताया कि अक्तूबर माह में हिंदुओं के दीपावली समेत कई पवित्र त्योहार हैं, जिनमें उन्हें अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। इन त्योहारों पर अच्छी आय होने की उम्मीद लेकर उन्होंने अपनी दुकानों पर गिफ्ट, खिलौने व अन्य साज सज्जा का सामान सजा दिया है। पिछले कई दिन से ग्राहकी भी बढ़ रही है। रेलवे स्टेशन मार्ग, जगाधरी वर्कशॉप मार्ग, मीना बाजार, न्यू मार्केट, छोटी लाइन, जगाधरी के खेड़ा बाजार, बर्तन बाजार, पत्थर वाला बाजार समेत अन्य बाजारों में दुकानें सजने लगी हैं।

### चोरों का कई जगह धावा : मंदिर, दुकान व खेतों में चोरी कर हुए फरार

# गोगामाड़ी मंदिर का दानपात्र तोड़ चोरी सेक्टर 17 में दुकान से 25 हजार चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना सदर यमुनानगर क्षेत्र के गांव मंडोली में चोरों ने गोगामाड़ी मंदिर से दानपात्र तोड़कर दस हजार रुपये की दान राशि चोरी कर ली गई। वहीं, थाना सेक्टर-17 क्षेत्र के विशाल नगर में दुकान से 25 हजार की नकदी चोरी हो गई। दोनों मामलों में संबंधित थानों की पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गांव मंडोली निवासी रितू ने बताया कि गांव के गोगामाड़ी मंदिर में 9 अक्तूबर की दोपहर दो से शाम चार बजे के बीच चोरी की घटना हुई। इस दौरान मंदिर का दानपात्र तोड़कर दस हजार रुपये की दान राशि चोरी कर ली गई। मंदिर पहुंचने पर चोरी का पता लगा तो पुलिस को शिकायत दी। उधर, विशाल नगर निवासी पूनम ने बताया कि उनकी कॉलोनी में दुकान है, जहां से दस अक्तूबर की शाम गल्ले से 25 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। आसपास काफी तलाश करने पर भी नकदी नहीं मिली। तब किसी अज्ञात द्वारा चोरी किए जाने के आरोप में पुलिस को शिकायत दी।



### फ्लैट से फिटिंग के तार व सीवरेज ढक्कन चोरी

थाना फर्कपुर क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगडान स्थित एक फ्लैट से ताला तोड़कर बिजली की फिटिंग के तार व सीवरेज के ढक्कन चोरी कर लिए गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव कैल निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि खेड़ी रांगडान में उनके फ्लैट पर वह 11 अक्तूबर को पहुंचे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### अमादलपुर में खेत से पेड़ व नाभ में सामान चोरी

थाना बूड़िया क्षेत्र के गांव अमादलपुर में अलावी सिंह के खेत से सफेदे के 14 पेड़ चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में अलावी सिंह ने बताया कि 9 अक्तूबर की शाम खेत में पहुंचे तो पेड़ चोरी थे। तब इसकी शिकायत पुलिस को दी। उधर, थाना बूड़िया क्षेत्र के गांव नाभ में पांच किसानों के खेतों में ट्यूबवेल से स्टार्टर, ग्रीप तार व अन्य कृषि का सामान चोरी हो गया। यह चोरी भटली के सुरेश कुमार, तेलीपुरा के आफताब, मुंडाखेड़ा के कर्णवीर सिंह, भूखड़ी के जंगशेर, भटली के सुरेश कुमार के खेत में हुई। इनमें सुरेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। इन मामलों में पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर युवक से ठगे तीन लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शेयर मार्केट में निवेश करके अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर गांव कैत निवासी मोसीन खान से तीन लाख रुपये ठग लिये गए।इसकी शिकायत मोसीन खान ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, पुलिस को दी शिकायत में गांव कैत निवासी मोसीन खान ने बताया कि गत अगस्त माह में उन्हें किसी ने स्टॉक सिग्नल स्टेशन बी9 नाम के व्हाट्स एप ग्रुप में जोड़ लिया। यहां ग्रुप में जुड़े लोगों ने कंपनी के शेयर में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उनकी बातों में आकर निवेश का मन बनाया। ग्रुप के लोगों ने सीएचपीसी साई ट्रेडिंग खाता खोल दिया फिर उससे अलग-अलग कर तीन लाख रुपये कंपनी के शेयर में निवेश करवा लिया। निवेश किए रुपयों का ऑनलाइन खाते में मुनाफा नजर आ रहा था, इसलिए विश्वास कर यह राशि निवेश की थी, पर जब खाते से यह राशि निकालने का प्रयास किया तो नहीं निकल पाई। बाद में पता चला कि उससे यह साइबर ठगी हुई है। तब इसकी शिकायत थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी। उधर, जांच अधिकारी बलदेव ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

## कैशलेस स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही समस्याएं दूर करे सरकार : मेहता

### प्रधान बीके मेहता ने की बैठक की अध्यक्षता



यमुनानगर। बैठक में भाग लेते हुए पेंशनर एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पेंशनर एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर जगाधरी के कार्यकारिणी सदस्यों की शहर स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान बीके मेहता ने की। इस दौरान पेंशनर व सीनियर सिटीजन की मांगों व समस्याओं पर विचार किया गया।

एसोसिएशन के प्रधान बीके मेहता ने बताया कि बैठक में सरकार से कैशलेस स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की गई। वहीं, एसोसिएशन के साथ नए सदस्यों को जोड़े जाने, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाने, लाइफ प्रमाणपत्र बनवाने वाले साथियों का सहयोग करने आदि पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा बैठक

**एसोसिएशन के साथ नए सदस्यों को जोड़े जाने पर विचार-विमर्श हुआ**

में सरकार से कानों की मशीन, डेंचर सैट, आंखों का ऑपरेशन आदि की रिवाइज कीमत की मांग की गई। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर समाजसेवा के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं ताकि एसोसिएशन समाज सेवा के कार्यों में अपना पूर्ण योगदान देती रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

इस अवसर पर पवन धीमान, परमजीत मेहता, हरिसिंह ढींगला, डीपी शर्मा, बृजलाल शर्मा, जीपीएस सीकरी, एके शर्मा, सुरिंदर सैनी, वीके आहूजा व रमन आहूजा आदि मौजूद रहे।

## खेल स्पर्धाएं युवाओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक : मलखान

- फ्रेंडस क्रिकेट क्लब सढ़ूरा द्वारा अंडर 14 आयु वर्ग के लड़कों के लिए आयोजित की क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। सढ़ूरा में क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ी को मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार देते मलखान सिंह सढ़ूरा व अन्य।

फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढ़ूरा के तत्वावधान में गांव में 14 आयु वर्ग के लड़कों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी मलखान सिंह सढ़ूरा ने रिबन काटकर किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मुकाबला पालेवाला टीम व वाइएज सढ़ूरा टीम के बीच खेला गया। जिसमें पालेवाला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 108 रन बनाए। जवाब में वाइएज सढ़ूरा की टीम 97 रन ही बना सकी। पालेवाला की टीम ने 11 रनों से मुकाबला जीत लिया। पालेवाला की टीम से गौरव कुमार को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में पालेवाला व फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढ़ूरा की टीमें आमने सामने हुईं। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पालेवाला की टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाबू पालेवाला को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। तीसरा मुकाबला वाइएज सढ़ूरा व फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सढ़ूरा की टीमों के बीच खेला गया। वाइएज सढ़ूरा की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 40 रन बनाए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भाविक को मैन ऑफ दी मैन चुना गया। मलखान सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ही ग्रामीण युवकों का मानसिक व शारीरिक विकास करने में सहायक सिद्ध होती हैं।

## प्रतियोगिता भरे युग में बच्चों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक : डॉ. प्रदीप

### ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम

- कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार व डीपीएस करनाल की कंप्यूटर विषय की अध्यापिका दिशा कालड़ा ने मुख्य वक्ता के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते टीचर। फोटो : हरिभूमि

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार व डीपीएस करनाल की कंप्यूटर विषय की अध्यापिका दिशा कालड़ा ने भाग लिया। कार्यक्रम में 32 स्कूलों के 60 शिक्षकों को कंप्यूटर लैंग्वेज पाइथन का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्यवक्ता डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सकें। वहीं, दूसरे मुख्य वक्ता दिशा कालड़ा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। स्कूल के एचआर मैनेजर अमित सिंघल ने मुख्य वक्ताओं व सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। समुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### श्री कृष्ण सेवा मंडल द्वारा आजाद नगर में आयोजित की कार्तिक मास की कथा

## असहाय और गरीब की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य : पांडेय

- कथाव्यास दिनेश पांडेय ने कथा में बताया कार्तिक माह में दान कर्म करना और गरीब असहाय की सेवा करने का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। आजाद नगर में चल रही कार्तिक माह की कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

श्री कृष्ण सेवा मंडल के तत्वावधान में शहर के आजाद नगर में कार्तिक मास की कथा का आयोजन किया गया। कथाव्यास स्वामी दिनेश पांडेय ने श्रद्धालुओं को कार्तिक माह में दानकर्म करने और गरीब व असहाय की सेवा करने का महत्व समझाया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कथा के समापन पर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

कथाव्यास स्वामी दिनेश पांडेय ने श्रद्धालुओं को कार्तिक कथा का अमृत पान करवाया। कथाव्यास स्वामी दिनेश पांडे ने कहा कि कार्तिक माह में दान कर्म करना सबसे बड़ा पुण्य कर्म है। इस माह में दान कर्म करने और भगवान कार्तिक की पूजा अर्चना करने से जहां पिछले जन्मों के पापों से छुटकारा मिल जाता है, वहीं आपार सुख-समृद्धि मिलती है। यह माह सभी देवताओं को अच्छा लगता है। यही कारण है कि इस माह का महत्व सभी ग्रंथों में सर्वोपरि बताया गया है। उन्होंने कहा कि इस माह में अन्न दान करना सबसे उचित माना गया है। मां गंगा समेत पवित्र सरोवरों और तीर्थ स्थलों में स्नान करना श्रेष्ठकर माना गया है। हमारे ग्रंथों में बताया गया है कि जो इंसान इस माह में कार्तिक मास की कथा सुनता है व गरीब तथा असहाय लोगों को अन्न दान करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कथाव्यास स्वामी दिनेश पांडेय ने बताया कि कार्तिक माह में दीप दान का भी बड़ा महत्व है। दीप दान करने से जन्मों जन्मों के बूरे कर्मो से छुटकारा मिलता है।

कथाव्यास ने कार्तिक भगवान के जन्म प्रसंग के बारे में भी श्रद्धालुओं को समझाया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बाद में हलवे का प्रसाद बरताया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु जयवीर सिंह, सुखपाल, मोहित, विशाल, गुरदीप, सुरेश, कमल व अवनीश आदि मौजूद रहे।

## खाटूश्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- रादौर के बकाना गांव में आयोजित किया श्रीखाटू श्याम का जागरण
- गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। गांव बकाना में आयोजित जागरण में श्री खाटू श्याम जी के जागरण का शुभारंभ कर आशीर्वाद प्राप्त करते मुख्यातिथि मास्टर सतपाल कांबोज व अन्य।

गांव बकाना में श्रद्धालुओं द्वारा श्री खाटूश्याम के जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायकों ने श्री खाटू श्याम के भजनों को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल ने श्री खाटूश्याम की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर किया।

बकाना में प्रसिद्ध भजन गायकों ने जैसे ही जागरण में भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान जय खाटूश्याम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। भजन गायकों ने श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान कर रात भर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किए रखा। मौके पर मुख्यातिथि मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहा कि श्री खाटू श्याम जी को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। क्षेत्र के लोग जागरण के माध्यम से श्री खाटू श्याम जी की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। सभी को श्री खाटू श्याम जी के बताए मार्ग पर चलकर समाज कल्याण के लिए कार्य करने चाहिएं। इस अवसर पर अमित कांबोज, सतीश सैनी खुर्दबन व लाभ सैनी आदि मौजूद रहे।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम

# जीवन में संघर्ष से कभी नहीं होना चाहिए भयभीत : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को मानव जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया।

मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु व गुरुदेव की महिमा का गुणगान किया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में संघर्ष होता है। माता के गर्भ में नौ महीने तक उल्टा रहना, प्रसव पीड़ा के द्वारा पैदा होना और आजीवन जिस तन के लिए बहुत से साधन व सुख सुविधाएं इकट्ठा की हैं, उसी को एक दिन सदा के लिए छोड़कर जाना एक भयावह संघर्ष है। हमारे संत महापुरुषों ने कहा है कि जो संसार में दुख एवं संघर्ष दिखाई देते हैं, वह मनुष्य की पीड़ा का वास्तविक कारण नहीं है। बल्कि बार-बार जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना ही सभी कष्टों का मूल है। प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में संघर्ष करता है।





यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करतीं साध्वी व श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

मगर यह बात अधिक महत्वपूर्ण है कि वह किस दिशा में संघर्ष कर रहा है। साध्वी वंशिका भारती ने समझाया कि संघर्ष से कभी भयभीत नहीं होना चाहिए क्योंकि कोयले की खदान से ही हीरा बनकर निकलता है, जो चट्टानों के दबाव के तले कई वर्षों तक संघर्ष करता है। हम सभी को यह सुअवसर प्राप्त हुआ है कि हम दिशा का चुनाव कर सकते हैं। मगर जब हमारा मिथ्या अहंकार, संकीर्ण सोच और स्वार्थ आड़े आता है तो हम चाहते हुए भी सही दिशा का चुनाव नहीं कर पाते हैं और जीवन में भटककर पतन की ओर अग्रसर हो जाते हैं। लेकिन एक जिज्ञासु श्रद्धा युक्त जीवात्मा पूर्ण समर्पण भाव से गुरु भक्ति को अपने जीवन में स्थान देता है। क्योंकि वह जानता है कि शास्त्र सम्मत विधि के द्वारा गुरु की शरणागत होकर ही हम मनुष्यत्व से देवत्व की ओर अग्रसर होकर जीते जी मोक्ष प्राप्ति का साधन कर सकते हैं।

## बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत : डॉ. रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बदलता मौसम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। उक्त जानकारी रविवार को शहर के कैंप में जनसेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्यातिथि डॉ. रामपाल ने दी। मुख्यातिथि डॉ. रामपाल समेत अन्य चिकित्सकों ने शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने मौसम बदलाव के चलते लोगों को व बच्चों के अभिभावकों को बीमारियों के बचाव के बारे में उपाय बताए। डॉ. रामपाल ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू होते ही बच्चों व बड़ों को नजला, वायरल, बुखार व खांसी आदि बीमारियों की शिकायत होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि इस बदलते मौसम के दौरान शरीर में रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता काफी कम हो जाती है। विशेष तौर पर टीबी, शुगर व ब्लड प्रेशर के मरीजों को ऐसे में खासतौर पर एहतियात बरतने की जरूरत होती है। वहीं, डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि यदि बदलते मौसम में व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति सचेत न रहे तो उसको काफी दिक्कतों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इस दौरान रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता काफी कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि बच्चों व बुजुर्गों को ऐसे में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**शाहबाद।** राष्ट्रीय पोलियो प्रतिरक्षण दिवस के अवसर पर शहरभर में बड़े स्तर पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का आयोजन सिविल अस्पताल शाहाबाद मारकंडा द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने सक्रिय सहयोग दिया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर सिविल हॉस्पिटल द्वारा 25 बूथ स्थापित किए गए, ताकि पाँच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जा सके।

### कोर्ट परिसर में 16 को लगेगा मेगा सेवा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को जिला न्यायालय परिसर में मेगा सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस मेगा सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे तथा संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

### मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा शर्मा के प्रयासों से हुआ। डॉ. नेहा सोबती, सोबती नर्सिंग होम, कुरुक्षेत्र, ने शालिनियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. नेहा सोबती ने शालिनियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और मानसिक स्वास्थ्य की परिभाषा के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि जब हम उदास या डिप्रेस महसूस करें, तो किसी गलत कदम को उठाने की बजाय हमें मानसिक चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

### भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरणास्रोत

**कुरुक्षेत्र।** दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर 9, कुरुक्षेत्र में राम सुमिर के भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दिव्या ज्योति जागृती संस्थान के संचालक एवं संस्थापक दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज जी की साध्वी शिष्य शिष्याओं के माध्यम से सुमधुर भजनों एवं भगवान श्रीराम की जीवन लीलाओं को भक्तों के समक्ष रखा गया। दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी जयंती भारती जी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को बताया कि भगवान श्रीराम जी का जीवन आज के मानव के लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणास्रोत है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक होगा आयोजन

# कई प्रदेशों के शिल्पकार भरेंगे अपनी हस्तशिल्प कला का अनोखा रंग

मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में कई प्रदेशों के शिल्पकार अपनी हस्त शिल्पकला के अनोखे रंग से महोत्सव की फिजा को बदलने का काम करेंगे। इस महोत्सव में विभिन्न देशों की लोक सांस्कृतिक कला भी देखने को मिलेगी जो कि अपने आप में एक विलुप्त हुई अपने अपने प्रदेश व देश की लोक सांस्कृतिक कला को जीवित करने का काम करेगी। अहम पहलू यह है कि इस बार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 21 दिन चलेगा और महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 8 दिन चलेंगे। विदेश मंत्रालय की पहल पर कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में 15 से ज्यादा देशों के 25 स्कॉलर भी पहुंचेंगे। इस महोत्सव में विभिन्न देशों की लोक सांस्कृतिक कला के रंग महोत्सव की फिजा को बदलने का काम करेंगे। इस महोत्सव से पहले ही कई कार्यक्रमों का आगाज हो जाएगा। इसमें 4 से 14 नवंबर तक ऑनलाइन गीता क्विज, 15 नवंबर को गीता रन का आयोजन होगा।

### 40 से ज्यादा देशों में होगा आयोजन

*उपायुक्त ने कहा कि इस बार विदेश मंत्रालय की पहल करने से महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन 40 से ज्यादा देशों में होगा। इन देशों में प्रदर्शनी, गीता पाठ सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र में होने वाले मुख्य कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी देखा जा सकेगा। इन देशों के नामों की सूची सरकार के पास पहुंच चुकी है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय के प्रयासों से 15 से ज्यादा देशों के 25 स्कॉलर भी महोत्सव में पहुंचेंगे और यहां से पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश अपने अपने देशों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को ड्यूटियां सौंपते हुए कहा कि इस महोत्सव को सफल बनाने में 22 से ज्यादा विभागों की भागीदारी रहती है। इन सभी विभागों के अधिकारियों को महोत्सव से सम्बन्धित तैयारियां पूरी करने के कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो सके।*

### शिल्प और सरस मेला 15 नवंबर से

इसके अलावा 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक शिल्प और सरस मेला चलेगा तथा रोजाना सायं के समय पुरुषोत्तमपुरा बाग में भजन संध्या और महाआरती का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक होंगे। इसमें हरियाणा पवेलियन, पार्टनर स्टेट, पुस्तक मेला, जनसम्पर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी, पुरुषोत्तमपुरा बाग में मुख्य मंच पर दिन और सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम, 24 नवंबर को गीता यज्ञ, गीता पूजन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, सर्वधर्म सम्मेलन, ज्योतिसर व सन्निहित सरोवर पर श्रीमदभगवद गीता और पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

उपायुक्त ने कहा कि 25 नवंबर को विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार, ज्योतिसर व सन्निहित सरोवर पर कथा, पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 26 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार का समापन व पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 27 नवंबर को पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 28 से 30 नवंबर को शिक्षा विभाग की तरफ से गीता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 1 दिसंबर को सुबह 9 बजे ज्योतिसर में गीता पाठ और यज्ञ, थीम पार्क में वैश्विक गीता पाठ, विश्वविद्यालय में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन, सायं 5:30 पर सन्निहित सरोवर पर दीपोत्सव, 6 बजे ब्रह्मसरोवर पर दीपदान व आरती तथा पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## जयराम कन्या कॉलेज के रजत जयंती वर्ष का आयोजन कल

मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि


कुरुक्षेत्र। श्रीजयराम शिक्षण संस्थान में परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी अवलोकन करते हुए तथा अन्य।

- श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से 14 अक्तूबर को ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय लोहार माजरा की रजत जयंती के भव्य आयोजन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इंडोरामा सिंथेटिक्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ओम प्रकाश लोहिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### महाविद्यालय अपनी यात्रा के 25 वर्ष का सफर पूर्ण करने की ओर अग्रसर

श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि जयराम कन्या महाविद्यालय अपनी गौरवशाली यात्रा के 25 वर्ष का सफर पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। श्री जयराम संस्थाओं के संस्थापक प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी एवं सेठ मोहनलाल लोहिया के सहयोग से लोहार माजरा की पावन धरती पर, सरस्वती नदी के तट पर बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए 17 जुलाई 2001 को एक शिशु पौधा रोपित किया गया और आज यह विशाल वटवृक्ष बन चुका है। जिसकी जड़ें दूर-दूर तक फैली है। आज इस वृक्ष पर लगे शिक्षा और ज्ञान के अनेक सुंदर पुष्पों से पूरा हरियाणा महक उठा है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गुरुकुल का वार्षिक महोत्सव

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र का दो दिवसीय 113वां वार्षिक महोत्सव 15-16 अक्तूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत 16 अक्तूबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जबकि पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र के कौशल विकास भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहे। प्रेसवार्ता में गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य भी मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग व अन्य।

### गुरुकुल आधुनिक शिक्षा देने वाला संस्थान

निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने गुरुकुल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि महान शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानन्द जी ने 1912 में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की स्थापना गुरुकुलीय शिक्षा के प्रचार-प्रसार के पावन उद्देश्य से की थी, जिसमें आचार्य देवव्रत जी ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा और वर्तमान में यह गुरुकुल वैदिक संस्कारों के साथ आधुनिक शिक्षा देने वाला देश का अग्रणी संस्थान बना हुआ है।

## अहोई अष्टमी का व्रत देता सुख समृद्धि : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता पार्वती के अहोई स्वरूप की पूजा का विधान है। इसीलिए इस तिथि को अहोई अष्टमी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन भारतीय महिलाएं संतान प्राप्ति और संतान की समृद्धि के लिए व्रत करती हैं। सोमवार 13 अक्तूबर 2025 को अहोई अष्टमी का व्रत संतान की सुख समृद्धि हेतु माताएं रखेंगी। करवा चौथ की तरह इस व्रत में भी महिलाओं को सुबह उठकर स्नान करना चाहिए।

### इन बातों का रखें ख्याल

स्वच्छ वस्त्र धारण कर मिट्टी के मटके में पानी भरना चाहिए। पूरे दिन कुछ खाएं नहीं और अहोई माता का ध्यान करें। बालक की उम्र के अनुसार उतने ही चांदी के मोती धागे में डालें और पूजा में रखें। शाम को अहोई माता की पूजा होती है और उन्हें भोग लगाया जाता है। भोग में पूरी, हलवा, चना आदि होता है। इस व्रत को तारे देखने के बाद खोला जाता है। इसमें भी बायना निकालकर सास, ननद या जेठानी को दिया जाता है। अहोई माता की माला को दीवाली तक गले में पहनना होता है। यह व्रत निर्जला रखा जाता है। इस दिन महिलाएं तारों को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। पूजा में मां भगवती के प्रति समर्पण और श्रद्धा भक्ति मुख्य है । मां यह तन मन धन , कारोबार और परिवार आपका है। आप ही मेरे सर्वस्व है यह प्रार्थना मन से मां के सम्मुख करें। ज्योतिष शास्त्र अनुसार आपके श्रेष्ठ कर्म और पुरुषार्थ से ही अच्छे भाग्य का निर्माण होता है।


डॉ. सुरेश मिश्रा।

### शुभ मुहूर्त

अहोई अष्टमी की पूजा का शुभ समय शाम 5:51 बजे से लेकर 7:10 बजे तक रहेगा। इस समय महिलाएं उपवास रखकर अहोई माता की पूजा करती हैं।

### तारों को अर्घ्य देने का समय

महिलाएं उपवास के बाद शाम 6:17 बजे तक आसमान में तारे दिखाई देने पर उन्हें अर्घ्य देती हैं। इसके बाद व्रत का पारण किया जाता है। इस समय व्रत की कथा सुनकर महिलाएं माता अहोई की पूजा करें। इसके बाद तारे निकलने पर उन्हें जल का अर्घ्य प्रदान करें और फिर भोजन करके व्रत का समापन करें।



## दिवाली तक ट्रांसफर ड्राइव का शेड्यूल जारी नहीं किया तो हसला करेगी आंदोलन : सिन्धु

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) की राज्य कार्यकारिणी की बैठक आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के सदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हसला के संरक्षक डॉ. कप्तान सिंह ने की। बैठक में राज्य महासचिव डॉ. तरसेम कौशिक तथा कुरुक्षेत्र जिला इकाई ने राज्य प्रधान सतपाल सिंधु, संरक्षक डॉ. कप्तान सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान अशोक बाल्यान तथा सभी जिला प्रधानों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक में विभिन्न जिला प्रधानों ने ट्रांसफर ड्राइव में अनावश्यक विलंब, ऑनलाइन टीचर डायरी का विरोध, सीसीएल के सरलीकरण, मेडिकल बिलों के लंबित भुगतान, एसीपी मामलों में देरी, शिक्षकों के लिए मेडिकल लीव प्रावधान, गैर शैक्षणिक कार्यों में प्राध्यापकों की ड्यूटी, प्राचार्य पद पर पदोन्नति का सरलीकरण, स्थायीकरण व वरिष्ठता सूची जारी करने तथा कॉलेज कैडर में पदोन्नति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने कहा कि यदि दिवाली तक ट्रांसफर ड्राइव प्रारंभ नहीं किया गया तो हसला संघर्ष का रास्ता अपनाएगी और जिला एवं राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर डॉ. राजेश आर्य, सतपाल पारिक, गगनदीप कौर, परमजीत कौर, सुमित्रा, राज्य वित्त सचिव पवन मोर, तथा विभिन्न जिलों से आए जिला प्रधान मोहन राणा (अंबाला), महेंद्र मान (भिवानी), विद्यानंद चौधरी (चरखी दादरी), दान सिंह, अजेंदर कुण्डू, सुखबीर बेरवाल, कुलदीप नेहरा आदि मौजूद रहे।

## युवा महोत्सव युवाओं को बेहतर नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करता : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाडवा

- तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव कुरुक्षेत्र जोन 2025 का दूसरे दिन

इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा धनोरा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव कुरुक्षेत्र जोन 2025 के दूसरे दिन कॉलेज परिसर में उल्लास, उत्साह और विविध सांस्कृतिक रंगों की बहार छाई रही। प्रातः और अपराह्न सत्र में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के प्रातः सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में राकेश बंसल, उप-प्रधान एवं ग्लोबल हेड, रोश इंटरनेशनल, मुंबई ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में देवेंद्र सैनी, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, नई दिल्ली और डॉ. विजय कुमार, रजिस्ट्रार, गुरू जम्भेश्वर विवि, हिसार की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोपहर सत्र के विशिष्ट अतिथियों में अशोक खुराना, मैसर्ज शंकर दास अशोक कुमार, नई अनाज मंडी, लाडवा, पवन कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर, ज्यूअल पैलेस, लाडवा, अजय सिंगला, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुनहेरी इंडस्ट्रीज आदि रहे।



लाडवा। मुख्य अतिथि को समृद्धि चिन्ह देखकर सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल।

### अतिथियों को किया सम्मानित

*कॉलेज प्रबंधक समिति के उप-प्रधान स. मनदीप सिंह तूर और कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यातिथि राकेश बंसल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि वे आई.जी.एन. कॉलेज के ही विद्यार्थी रहे है। उन्होंने कहा कि 1991 में इस कॉलेज से स्नातक उत्तीर्ण की। कॉलेज का स्टाफ बहुत मेहनती और मार्गदर्शन करने वाला है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का मंच होते हैं। इनमें भागीदारी से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है, नेतृत्व कौशल विकसित होता है और सामूहिकता की भावना सशक्त होती है।*


कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

## एलसीएलओ कर्मियों ने की नारेबाजी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 24वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रोहित धानिया रोहतक ने की व संचालन प्रवीण भिवानी ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए रोहित धानिया ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। अपनी बात रखते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश व रोशन फौजी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। इसी कड़ी में आज हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान विरेंद्र सिंह व जिला सचिव सुदर्शन ने कहा कि जिला भर के अध्यापक इनके साथ खड़े हैं। क्रमिक अनशन पर दीपक महेंद्रगढ़, संजीव कुमार झज्जर, रवि रोहतक, रणधीर रोहतक,लाखन सिंह फरीदाबाद बैठे व डीसी दफ्तर पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सीटू के जिला प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि सरकार को चाहिए कि बातचीत का रास्ता निकाले व इन कर्मचारियों को इनकी ड्यूटी दे अन्यथा आंदोलन को पूरे राज्य में बढ़ाया जाएगा। यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य सचिन झज्जर ने बताया कि नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की पोस्ट के लिए लेकिन ऑफर लेटर एलसीएलओ लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर का दे दिया।


कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद समाज के मौजिज व्यक्ति।

## एडीजीपी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच की जाए : श्योकंद

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में समाज के मौजूद व्यक्तियों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जाट धर्मशाला के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने की। बैठक में एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या को लेकर सबने दुख जाहिर किया और इस घटना को दुखद बताया। परिवार के प्रति अपनी सामूहिक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान आईपीएस अधिकारी और उसके परिवार के लिए न्याय की मांग करते हुए एक निष्पक्ष जांच कर अपराधियों को सजा देने की बात कही। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि असल न्याय असल दोषी के ऊपर करवाई करने से होगा ना कि बिना जांच के किसी को भी बलि का बकरा बनाने से। कुछ व्यक्ति इस मामले को जातिगत रूप देकर प्रदेश के हालात बिगाड़ने चाहते हैं इसलिए सरकार को किसी के दबाव में ना आकर बल्कि जांच के आधार पर दोषी के ऊपर कार्यवाही करनी चाहिए। कई ऐसे अधिकारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं जिनको सरकार अपने संकटमोचक के रूप में उपयोग करती आई है चाहे किसान आंदोलन की बात हो या चाहे मेवात की बात हो इनकी भूमिका सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना से काम किया है।

**कार्यक्रम** 17 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा विद्यालय का 52वां वार्षिकोत्सव

# गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में 13 में 15 तक 36वां राष्ट्रीय तीरंदाजी खेलकूद समारोह

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम ने पत्रकारों से बातचीत करते समय दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित गीता निकेतन आवासीय विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहां पर पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद, विज्ञान-गणित मेला एवं संस्कृति महोत्सव इत्यादि कार्यक्रमों का प्रांत क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर पर आयोजन होता है। इसी श्रृंखला में 13 से 15 अक्तूबर को 36वाँ अखिल भारतीय तीरंदाजी खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है। इस खेलकूद समारोह में देशभर से लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन तीन दिनों में खेल जगत के सुप्रसिद्ध व्यक्ति एवं विद्या भारती के अखिल भारतीय अधिकारी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करेंगे। 13 अक्तूबर 2025 को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री हरविन्दरसिंह धंजू, विशिष्ट अतिथि हिन्दू शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. ऋषिराज वशिष्ठ एवं मुख्य बक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के प्रान्त प्रचारक डॉ. सुरेन्द्रपाल उपस्थित रहेंगे। डॉ. घनश्याम शर्मा विद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण सिंह, प्रबंधक पवन गुप्ता व उत्तर क्षेत्र प्रचार प्रमुख संजय चौधरी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर 2025 को विद्यालय अपना 52वाँ वार्षिकोत्सव /"आरोहण/" मनाने जा रहा है, यह कार्यक्रम छात्रावासी छात्रों पर केंद्रित होगा।



कुरुक्षेत्र। विद्यालय परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते गीता निकेतन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा व अन्य। 12केयूके09

### रोचक कार्यक्रमों का होगा प्रदर्शन

कार्यक्रम में छात्रावासी छात्रों की दिनचर्या के प्रमुख अंगों जैसे शारीरिक व्यायाम, योग अभ्यास, मलखंन निशानेबाजी, तीरंदाजी इत्यादि का विशेष प्रदर्शन होगा, इसके साथ-साथ समाज जागरण के लिए पर्यावरण संरक्षण, समरसता, देशभक्ति इत्यादि विषयों पर समूहगान, नाटक, नृत्य कविता और एकांकी इत्यादि रोचक कार्यक्रम होंगे। प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने बताया कि विद्या भारती की योजनाओं में पंच परिवर्तन भी एक महत्वपूर्ण विषय है। पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य। यह पांच विषय समाज परिवर्तन के सशक्त माध्यम हैं। विद्या भारती अपने छात्रों, आचार्य, अभिभावकों एवं पूर्व छात्रों के माध्यम से इन पांच विषयों का धरातल तक क्रियान्वयन करने के लिए ग्राम गोष्टी, चिंतन बैठक, अभिभावक संपर्क, मातृ सम्मेलन, सप्तशक्ति सम्मेलन इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन करती है। उत्तर क्षेत्र प्रचार प्रमुख संजय चौधरी ने बताया कि विद्या भारती शिक्षा संस्थान आज देश के सबसे बड़े शैक्षणिक आंदोलनों में से एक है, जो गुणवत्तापूर्ण और संस्कृति-युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1952 में गोरखपुर में एक विद्यालय से प्रारंभ कर यह संस्था आज 684 जिलों में 12118 विद्यालयों का संचालन कर रही है। विद्या भारती द्वारा जिला में चार संस्कारशालाएं चलाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन व ई-रिक्शा सहित काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के धूलकोट रेलवे फाटक के पास नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने सूचना के आधार पर आरोपी शहनबाज उर्फ शानू को 11 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थ बेचने का कार्य करता है। तभी पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे काबू किया है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

### युवाओं को नशे से दूर रहने की दी सलाह

**अंबाला।** पुलिस द्वारा नशे से दूर रहने बारे जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्त अभियान के दौरान रविवार को एनडीपीएस सैल की टीम ने उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में गांव चहल माजरा में आमजन व युवाओं को नशे से दूर रहने व लड़ाई-झगडे से दूर रह कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने बारे जागरूक किया गया है। साथ ही युवाओं को देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया गया है।

### किशोरी को तलाशने की उठाई मांग

**अंबाला।** किशोरी के लापता होने की सूचना पर सनातन टास्क फोर्स के सदस्यों ने बलदेव नगर चौकी के बाहर रोष जताया। सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। टास्क फोर्स के प्रधान देवी राम ने कहा कि घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। पुलिस से आग्रह किया गया है कि किशोरी को जल्द से जल्द तलाश किया जाए। थाना प्रभारी धर्मवीर ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं पर निष्पक्ष जांच की जा रही है।

### मंत्री अनिल विज ने डेयर केयर क्लीनिक का किया उद्घाटन

**अंबाला।** परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को अंबाला छावनी के राम बाग रोड मायावाला चौक पर डेंटल केयर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर चिकित्सक डॉ हिमांशु बिंद्रा व उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुखमनी व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिन्नदन किया। बता दें कि डॉ. हिमांशु बिंद्रा सेवानिवृत स्वर्गीय डीआईपीआरओ केवल बिंद्रा के पुत्र हैं। विज ने इस मौके पर बिंद्रा परिवार को बधाई दी। कहा कि इस डेंटल केयर के खुलने से लोगों को फायदा होगा। उन्होंने दंत रोगों की ईलाज के लिए आधुनिक दंत चिकित्सक मशीनों के साथ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई है।

### पंचायत भवन के सभागार में बच्चों ने कला किया प्रदर्शन

**अंबाला।** अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में नवरंग कला फेस्ट सीजन टू का आयोजन किया गया। जिसमें हाथ से बनी पेटिंग, पोस्टर और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह फेस्ट दीवाली के उपलक्ष्य में करवाया गया। बच्चों ने नृत्य, गायन, कविता और आर्ट गैलरी में अपनी प्रतिभा दिखाई। आयोजक समिति से करण ने बताया कि यह कार्यक्रम ओपन रखा गया।

### अंबाला में 20 अक्टूबर से 31 जनवरी 2026 तक पटाखों पर प्रतिबंध

# दीपावली पर दो घंटे तक ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत

## पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

*दीपावली, गुरु पर्व व अन्य त्योहारों पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक केवल ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति होगी, क्रिसमस और नववर्ष पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ग्रीन पटाखे चलाने की छूट दी जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

डीसी अजय सिंह तोमर बोले दीपावली व अन्य त्यौहारों को छोड़कर 20 से 31 जनवरी 2026 तक पटाखे चलाने पर रहेगा प्रतिबंध, क्रिसमिस व नववर्ष पर रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक ग्रीन पटाखे चलाने की होगी अनुमति हरिभूमि न्यूज . अंबाला जिलाधीश एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि अदालत और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों की पालना को लेकर जिले में 20 अक्तूबर से लेकर 31 जनवरी 2026 तक पटाखे बनाने, बेचने और चलाने पर प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों के अनुसार केवल ग्रीन पटाखों का प्रयोग दीपावली, क्रिसमस, नववर्ष, गुरु पर्व व अन्य त्योहारों पर निर्धारित समय अवधि के लिए छूट प्रदान की जाएगी। इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एक्सप्लोसिव एक्ट 1884 व एक्सक्लूसिव रूल 2008 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने जारी आदेशों में कहा है कि धारा 163, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एक्सक्लोसिव एक्ट 1884 व एक्सक्लोसिव नियमों को जहन में रखते हुए अम्बाला जिले में ग्रीन पटाखों को छोड़कर दूसरे पटाखे बनाने, बेचने, चलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान दीपावली के दिनों, गुरू पर्व व अन्य महोत्सवों पर रात्रि 8 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक केवल ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति होगी।





### प्रदूषण नियंत्रण हेतु पटाखों पर सख्त प्रतिबंध

क्रिसमस और नववर्ष पर भी ग्रीन पटाखे रात्रि 11.55 से लेकर 12.30 बजे तक चलाए जा सकेंगे। उपायुक्त ने लोगों से दीवाली का त्यौहार ग्रीन पटाखों के साथ मनाने की अपील की है। कहा है कि सभी को प्रदूषण नियंत्रण के प्रति सजग होकर सहयोग करना होगा तभी प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। हाल ही में पटाखों के भंडारण, निर्माण व इस्तेमाल को लेकर प्रतिबंध लगाया है। इस कार्य की गतिविधि पर नज़र रखने के लिए जिलाधीश द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्त किए गए हैं। प्रदूषण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए जिलाधीश द्वारा प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि वायु प्रदूषण सबके लिए समान रूप से हानिकारक है। वायु प्रदूषण से पर्यावरण व आमजन सहित बच्चों, बुजुर्गों व दिल की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को कई बीमारियां भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों व रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में सर्दी के मौसम विशेषकर अक्तूबर से लेकर जनवरी तक वायु प्रदूषण पीक पर होता है। पटाखे फोड़ना वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। पटाखे फोड़ने से वायु में केवल मेटल पार्टिकल्स खतरनाक टॉक्सिन, हार्मफुल केमिकल्स व गैस ही उत्सर्जित नहीं होती बल्कि इससे हार्मफुल पीएम 2.5 व पीएम-10 भी निकलते हैं। इनसे व्यापक स्तर पर वायु प्रदूषण होता है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल-एनजीटी ने पटाखे चलाने से होने वाले वायु प्रदूषण पर कड़ा संज्ञान लिया है और पटाखे चलाने पर पूरी तरह सख्त हैं।

# बच्चों की प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी बाल कल्याण परिषद

## 13 से 17 अक्तूबर तक होंगी जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताएं, बच्चे दिखाएंगे अपनी प्रतिभाओं के रंग

- प्रतिभाओं के दम पर बच्चों को मण्डल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से जिला बाल कल्याण परिषद एवं बाल भवन द्वारा 13 से 17 अकतूबर, 2025 तक पंचायत भवन अंबाला शहर में जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद का यह मंच बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं और सृजनात्मक गुणों को सामने लाने तथा उन्हें निखारने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करेंगा। अपनी प्रतिभाओं के दम पर बच्चों को मण्डल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेंगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभाओं के द्वारा कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

उपायुक्त ने जिले के सभी स्कूलों व बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया कि वे निर्धारित आयु वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे अपने प्रतिभा और सृजनात्मकता गुणों के द्वारा एक नई पहचान बनाकर जीवन में आगे बढ सकें।

### जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताएं

जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद एवं बाल भवन द्वारा जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, एकल गान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, देशभक्ति समूह गान तथा एकांकी नाटक/नाट्य नाटक जैसी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। इन प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें व प्रतिभागी आगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र होंगें। मंडल स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी व टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगी। इसके अतिरिक्त फैंसी ड्रेस, क्ले मॉडलिंग, दीया/मोमबत्ती सजावट, कार्ड मेकिंग, मौके पर स्केचिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, थाली पूजन/कलश सजावट, फन गेम (लड़के व लड़कियां), रंगोली, हैंड राइटिंग (हिंदी व अंग्रेजी) तथा सर्वश्रेष्ठ ड्रामेबाज जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी जिला स्तर पर करवाई जाएंगी। इन स्पर्धाओं में जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे।

# शमशान भूमि में बनाई गई लोहे एवं मार्बल से हर हर महादेव की कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के श्री राम बाग़ शमशान घाट में रविवार को साप्ताहिक बैठक अध्यक्ष केएल सहगल एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले वेद प्रकाश बसरा एवं उनके पुत्र को इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के लिए वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वेद प्रकाश बसरा ने स्वर्गीय माता पिता , भाई , धर्मपत्नी एवं दिवंगत ज्येष्ठ पुत्र की स्मृति में श्री रामबाग़ शमशान भूमि में लोहे एवं मार्बल से सुंदर शब्दों में हर हर महादेव की कृति बनवाई है।



मीटिंग में मौजूद सभा के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर सभा के सदस्य रिटार्यर्ड प्रिंसिपल विनय मल्होत्रा, रमेश कुमार , जितेंद्र गंभीर , दीपक जैन, जय प्रकाश अग्रवाल, सूबेदार कृष्ण लाल, मनीष मल्होत्रा एवं कृष्ण अवतार सूरी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान सहगल ने राम बाग़ में चल रहे सुधार कार्यों के लिए लोगों से आगे बढ़कर सहयोग करने की अपील की।

# किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव तमडोली में किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सीडीपीओ ईशा रानी के दिशा-निर्देशानुसार एवं सुपरवाइजर सुजाता सरोहा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर सुजाता सरोहा ने किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, मानसिक संतुलन बरकरार रखने तथा व्यक्तिगत साफ-सफाई से जुड़ी उपयोगी जानकारियां दीं।




बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं।

### मासिक धर्म स्वच्छता पर सुजाता सरोहा का जोर

सुजाता सरोहा ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। सुपरवाइजर सुजाता सरोहा ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखना हर किशोरी और महिला के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। जानकारी के अभाव में कई बार महिलाएं संक्रमण और अन्य बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं। ऐसे में इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को इस विषय पर खुलकर बात करनी चाहिए ताकि झिझक दूर हो और आने वाली पीढ़ी को सही जानकारी मिल सके।

# लोक कलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग: संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा नीति शास्त्र दर्शनशास्त्र केंद्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग तथा स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय लोक कला कार्यशाला के चौथे दिन प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी संदीप छाबड़ा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, स्वदेशी जागरण मंच, कुरुक्षेत्र के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट (डॉ) अजय जांगड़ा व डॉ. ए.सी.नागपाल ने कार्यशाला का अवलोकन किया।

### लोक कलाओं का संवर्धन आवश्यक

प्रसिद्ध उद्योगपति संदीप छाबड़ा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सीखने-सिखाने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और पारंपरिक कलाओं को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने का प्रयास करें। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग का लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है और सांस्कृतिक गतिविधियां इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# शिविर में 17 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट द्वारा गुरुद्वारा सुख निधान लंगर साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व मुख्य सेवादार राजविंदर सिंह की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि समाजसेवी डिंपल गर्ग व विशिष्ट अतिथि इक़बाल सिंह रहे। शिविर में 17 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डिंपल गर्ग ने कहा कि नियमित रक्तदान से दिल की बीमारियों का खतरा घटता है और जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर व्यक्ति



बराड़ा। रक्तदानियों को बैज लगाते हुए।

को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी व सेवादार मौजूद रहे।

# भाजपा पार्टी में हर कार्यकर्ता को मिल रहा एक समान सम्मान : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को एक सम्मान सम्मान मिल रहा है। यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस पार्टी के साथ जुड़कर सब देश की सेवा करना चाहते है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को रत्नडेरा में कश्यप समाज की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस से पहले गांव रत्न डेरा से कांग्रेस के कार्यकतार्ओं ने पार्टी छोड़कर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा की कार्यशैली व भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन की है।

### सैनी के नेतृत्व में हरियाणा कर रहा विकास

पूर्व मंत्री ने कहा कि आज हर पार्टी का कार्यकर्ता भाजपा के साथ मिल कर काम करना चाहता है। इस लिए सभी विपक्षी दलों के नेता व कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कर रही है। अब सरकार ने दीन दयाल लक्ष्मी योजना का एक नायाब तोहफा दिया है। इस योजना से महिलाओं को सरकार ने दीपावली का तोहफा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया है।

### वरिष्ठ आईपीएस वाई. पूरन कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**बराड़ा।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार द्वारा कथित तौर पर जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या करने की घटना पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लीगल हेड एडवोकेट अरुण बिड़लान ने आरोपी अधिकारियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह मामला न केवल पुलिस विभाग, बल्कि प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आम तौर पर जब किसी अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित व्यक्ति को जातिवाद का दंश झेलना पड़ता है, तो वह न्याय की आस में पुलिस प्रशासन के पास पहुंचता है। लेकिन यह घटना बेहद विडंबनापूर्ण है कि स्वयं एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जो न्याय दिलाने वाली व्यवस्था का हिस्सा थे जातिगत भेदभाव और प्रताड़ना से तंग आकर अपनी जान देने पर मजबूर हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## सुप्रीम व हाईकोर्ट के न्यायाधीश वकीलों को देंगे कानून की जानकारी, मीटिंग में गठित की कई समितियां

# अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में 1500 से ज्यादा वकील करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अधिवक्ता परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक रविवार को अंबाला शहर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मुकेश गर्ग ने की। बैठक में 30 नवंबर 2025 को अंबाला में होने वाले अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन की रूपरेखा की चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम के साथ हुई। कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा करने के उपरांत जन गण मन के साथ बैठक समाप्त की गई। इस दौरान मुकेश गर्ग ने बताया कि 30 नवंबर को होने वाला अधिवेशन दो सत्र में रहेगा। पहले सत्र सुबह 10:00 बजे से लेकर 1:00 बजे तक तब 1:00 बजे से लेकर 1:30 तक लंच और फिर दूसरा सत्र 1:30 बजे से लेकर 3:30 बजे तक रहेगा । पहले सत्र में सुप्रीमकोर्ट के न्यायाधीश राजेश बिंदल, हाईकोर्ट से न्यायाधीश मीनाक्षी लेखी व लॉ कमीशन से जुड़े वरिष्ठ सदस्य व प्रदेश के एडवोकेट जनरल इस सत्र में भाग लेंगे।




अंबाला। अधिवक्ता परिषद की मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य।

### अधिवक्ता सम्मेलन की तैयारी

इस दौरान अधिवक्ताओं को कानूनी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दूसरे सत्र में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल के आने की भी पूरी संभावना है। उनके साथ प्रदेश के कानून मंत्री गौतम कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और इसके विचारों संचालन के लिए सभी सदस्यों से चर्चा करते हुए कार्यकारिणी की बैठक में स्वागत , मंच संचालन , भोजन , आवास समेत कई प्रमुख समितियां का गठन किया गया ताकि लगभग 1500 के करीब अधिवक्ताओं के इस कार्यक्रम को सुचारू और भव्य ढंग से व्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जा सके। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के लगभग 60 के करीब सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष चंद्रपाल ,सतपाल सिंगला प्रांत पलक, शीला तंवर महिला प्रमुख , अशोक महामंत्री व जिला अध्यक्ष विवेक सचदेवा, सचिव संदीप, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र , वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा, देव बत्रा, अनुपम शर्मा, गुरमीत वालिया, संजय कौशिक भी मौजूद रहे।